उत्तर भारत के लिए ईवी का केंद्र बनेगा यूपी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : आने वाले समय में उत्तर प्रदेश हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे उत्तर भारत के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा केंद्र बनेगा। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली दो कंपनियों ने निवेश करने का एमओयू किया है। कबीरा मोबिलिटी और कतर के अल-अब्दुल्ला ग्रुप ने नोएडा में 300 करोड़ रुपये से इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन का प्लांट लगाने का करार किया। वहीं यूके की कंपनी कासिस ग्रुप इलेक्ट्रिक बस के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

- कबीरा मोबिलिटी और कतर का अल-अब्दुल्ला ग्रुप लगाएंगे नोएडा में प्लांट

1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा यूके आधारित इलेक्ट्रिक बस बनाने वाला कासिस ग्रुप

5 वर्षों में 40 हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें पेश करने की योजना बना रहा है

इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कबीरा मोबिलिटी के सीईओ जयवीर सिवाच • जागरण

अल-अब्दुल्ला ग्रुप और कबीरा मोबिलिटी का साझेदारी का प्लांट अभी कर्नाटक के हुबली में है। अभी कंपनी केएम 3000 और केएम 4000 सीरीज की इलेक्ट्रिक बाइक बना रही है। जहां प्रतिमाह 40 हजार बाइक का उत्पादन होता है। कबीरा मोबिलिटी के सीईओ जयबीर सिवाच ने बताया कि यूपी में लगने वाले नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में हर महीने 1.20 लाख इलेक्ट्रिक बाइक बनेंगी। यह प्लांट 50 एकड़ भूमि में बनेगा। इस प्लांट में सात हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इलेक्ट्रिक व्हीकल का बाजार उम्मीद से भी ज्यादा लगभग दो से तीन गुना तेजी से बढ़ रहा है। अब्दुल्ला ग्रुप के सीईओ मनोज जार्ज ने कहा कि कंपनी की योजना सभी प्लाटों से भारत में वर्ष 2023-24 में 2.50 लाख, 2024-25 में 7.75 लाख और 2025-26 में 14.50 लाख यूनिट तक उत्पादन बढ़ाने की है।

वहीं कासिस ग्रुप के सीईओ श्रीराम तुमुलुरी ने बताया कि ग्रुप अगले पांच वर्षों में 40 हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें पेश करने की योजना बना रहा है। कासिस यूपी में बड़े पैमाने पर आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए निवेश करेगा।